गरीबों को भोजन करा रहा है प्रदान संस्था का कम्यूनिटी किचन

प्रखंड के सुदूरवर्ती रानीटोंगरी में रात्रि में भोजन करते ग्रामीण

कुड़ू, अजीम प्रेमजी परोपकारी वित्तिय सहायता अनुदान (एपीपीआइ) के तहत प्रदान स्वंय सेवी संस्था द्वारा प्रखंड में संचालित चार कम्यूनिटी किचन ग्रामीणों के लिए लॉकडाउन में वरदान साबित हो रहा है. प्रखंड प्रशासन के निर्देशानुसार संस्था प्रखंड के चार स्थानों ककरगढ़ पंचायत के रानीटोंगरी, सलगी पंचायत, बड़की चांपी के दुबांग तथा चुंद में कम्यूनिटी किचन खोला है. इसके अलावा प्रखंड प्रशासन के एक किचन दीदी में सामाग्री मुहैया करा रहा है. प्रदान संस्था के प्रोजेक्ट एक्सक्यूटिव चंद्रशेखर ने यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि सभी केंद्रों में दो समय निःशुल्क भोजन असहायों को दिया जा रहा है. लॉकडाउन से उत्पन्न विषम परिस्थितियों के बीच प्रखंड के किसी भी असहाय को भूखे नहीं सोने दिया जायेगा. सभी केंद्रों में लगभग एक-एक सौ ग्रामीणों, असहायों, लाचारो को भोजन कराया जा रहा है. सभी केंद्रों पर सरकार के आदेश पर सोशल डिस्टेंस का शत- प्रतिशत पालन किया जा रहा है. जब तक लॉकडाउन जारी रहेगा प्रदान संस्था प्रखंड प्रशासन के साथ मिल कर असहाय, लाचारों को निःशुल्क भोजन मुहैया कराता रहेगा. इस मौके पर कम्यूनिटी किचन सेंटर की दीदी समेत अन्य मौजूद थे.

ar.com/c/50956191